तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 24 जून 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 शैक्षणिक भ्रमण में कृषि छात्रों ने जानी आधुनिक कृषि और...



12 कमल सदन में भाजपा नेताओं ने याद किए डॉ. श्यामा...



# नक्सलियों के छिपे ठिकानों की पतासाजी तेज, आमाटोला में संयुक्त बलों को मिली कामयाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नक्सलियों के समर्पण के बाद सुरक्षा बलों को उनके छिपाए गए डम्पों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां मिल रही हैं। समर्पित नक्सलियों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर जिला पुलिस, बीएसएफ एवं बम निरोधक दस्ता बीडीएस की संयुक्त टीम लगातार जंगल क्षेत्रों में अभियान चलाकर नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखी गई सामग्री की पतासाजी कर रही है। इसी क्रम में जिले के संवेदनशील एवं दुर्गम क्षेत्र ग्राम आमाटोला के जंगल-पहाड़ी इलाके में संयुक्त सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए एक डम्प का पता लगाते हुए हथियारों और अन्य उपयोगी सामग्री का जखीरा बरामद किया गया है।

- 94 वीं वाहिनी बीएसएफ के नेतृत्व में संयुक्त टीम की कार्रवाई, सर्चिंग अभियान लगातार जारी

## भरमार बंदूक, वायरलेस सेट, रेडियो और नक्सली वर्दी समेत अन्य सामग्री जब्त



### नक्सल डंप में मिली सामग्री

*आमाटोला के जंगल से नक्सलियों के ठिकानों से 04 भरमार बंदूक, 02 वायरल सेट, एक नग रेडिया, एक नग वर्दी, पोच 02 नग, चार्जर01 नग, बैटरी 01 नग, नक्सल साहित्य और अन्य नक्सल सामग्री बरामद करने में सफलता मिली।*

प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जून को जिला पुलिस, बीएसएफ तथा बीडीएस की संयुक्त टीम थाना छोटेबेठिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमाटोला के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में सर्चिंग अभियान के लिए रवाना हुई थी। अभियान के दौरान टीम ने जंगल के भीतर संदिग्ध स्थानों की गहन तलाशी ली। इसी दौरान ग्राम आमाटोला के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए एक डम्प का पता चला। सुरक्षा बलों द्वारा डम्प की तलाशी लेने पर हथियार सहित कई सामग्री बरामद की गई। बरामद समस्त सामग्री को सुरक्षा बलों ने अपने कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इस अभियान में टीम कमांडर की भूमिका 94 वीं वाहिनी बीएसएफ के सहायक कमांडेंट योगेश कुमार तथा निरीक्षक सुमन कंथोसू ने निभाई। ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में युवक की हुई मौत, जुर्म दर्ज



**कांकेर।** पखांजुर थाना क्षेत्र के ग्राम मथुरा बाजार के पास सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 13 अगस्त को परतापुर निवासी 25 वर्षीय विष्णुराम पोटाई अपने साथी विश्राम दुग्गा के साथ बाइक से खाद लेने पखांजुर गया था। लौटते समय शिव मंदिर के पास सामने से आ रही एक अज्ञात बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे विष्णुराम की मौत हो गई। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### यूपीएससी व वन सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए मिलेंगे एक लाख

**कांकेर।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली युवाओं को संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की सिविल सेवा एवं भारतीय वन सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए कोल इंडिया लिमिटेड ने निर्माण-2026 सीएसआर योजना शुरू की है। योजना के तहत वर्ष 2026 की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले पात्र अभ्यर्थियों को एकमुश्त एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता सीधे बैंक खाते में दी जाएगी। छत्तीसगढ़ सहित आठ राज्यों के ऐसे अभ्यर्थी, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय आठ लाख रुपये से कम है, आवेदन कर सकेंगे।

### 24 से 28 जून तक जिलेभर में आयोजित होंगी ग्रामसभाएं

**कांकेर।** जिले कांकेर की सभी ग्राम पंचायतों एवं आश्रित गांवों में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देश पर 24 से 28 जून तक ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर समय-सारणी बनाने तथा एक ही दिन एक से अधिक गांवों में ग्राम सभा नहीं कराने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम सभाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार, मुनादी एवं सूचना चस्पा कराने के साथ ही कार्यवाही की 15 मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग कर जीएस निर्णय मोबाइल एप, वाइब्रेंट ग्राम सभा और जीपीडीपी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## अनदेखी : एसडीओ बोले- बीएसपी ने नहीं ली अनुमति

# रावघाट में लौह अयस्क परिवहन के लिए बनाई जा रही सड़क से वन विभाग अनजान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

रावघाट की हरी-भरी पहाड़ियों और घने जंगलों के बीच कथित तौर पर पहाड़ काटकर बनाई गई कच्ची और पक्की सड़क ने वन विभाग और खनन गतिविधियों की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि भिलाई स्टील प्लांट बीएसपी के लिए रावघाट में संचालित लौह अयस्क खनन क्षेत्र के ब्लॉक-ए से डंपिंग स्थल तक पहाड़ को काटकर कच्ची सड़क बनाई गई और इस दौरान बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई भी हुई। वन विभाग के एसडीओ ने स्वीकार किया है कि इस सड़क को बनाने की किसी भी तरह की जानकारी विभाग के पास नहीं है। बीएसपी ने इसकी कोई परमीशन तक नहीं लिया है।

- डीएफओ ने गठित की जांच टीम

जानकारी के अनुसार रावघाट क्षेत्र में लौह अयस्क उत्खनन के लिए भिलाई स्टील प्लांट को भूमि आवंटित की गई है।



### पहाड़ को काटकर सड़क नहीं बनाई

केसीसीएल के सुपरवाईजर चक्रधर मोहंती ने बताया कि कंपनी को जब से जिम्मेदारी मिली, उसके पहले यह पहाड़ काटा गया है और कच्ची रोड बनायी जा चुकी थी। हमने रोड के डामरीकरण के लिए एनसी नाहर को काम दिया है, उसके अलावा हमें किसी भी तरह की जानकारी नहीं है। पहाड़ और पेड़ किसने काटे, यह हमारी कंपनी के संज्ञान में नही है।

आरोप है कि ब्लॉक-ए से लौह अयस्क को डंप स्थल तक पहुंचाने के लिए पहाड़ को काटते हुए सड़क बनाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई किए जाने की बात भी सामने आ रही है। हालांकि, यह सड़क कब बनाई गई और पेड़ों की कटाई किसके द्वारा की गई, इसकी स्पष्ट जानकारी वन विभाग के मैदानी अमले के पास भी नहीं है। ⏭ शेष पेज 10 पर

### ले-आउट की मंजूरी लेना अनिवार्य

जानकारों का कहना है कि रावघाट का पूरा माइनिंग लीज एरिया 2028.797 हेक्टेयर वन भूमि है। इसके तहत केवल आवंटित डायवर्टेड लैंड जैसे चरण प्रथम के लिए स्वीकृत 883.22 हेक्टेयर पर ही तय गाइडलाइंस के अनुसार काम किया जा सकता है। डायवर्टेड लैंड में जो भी निर्माण कार्य होता है, तो उसके लिए वन विभाग से अलग से अनुमति या ले-आउट की मंजूरी लेना अनिवार्य है।

### बीएसपी ने नहीं ली परमिशन

अंतागढ़ में पदस्थ वन विभाग के एसडीओ विजय चंद्रवंशी का कहना है कि जो फोटो दिख रही है, इस सड़क को बनाने के लिए बीएसपी के द्वारा किसी भी तरह की परमीशन नहीं लिया गया है। शिकायत मिलने पर इसकी जाँच जारी है।

### वनमंडलाधिकारी ने बनाई जांच टीम

मामला वनमंडलाधिकारी तक पहुंचने के बाद विभाग हरकत में आया है। वनमंडलाधिकारी ऋषभ जैन ने पूरे प्रकरण की जांच के लिए एक टीम का गठन किया है। टीम सड़क निर्माण, पेड़ों की कटाई तथा लकड़ी की वर्तमान स्थिति सहित सभी पहलुओं की जांच करेगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# नहाने गए शिवनगर के युवक की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



अलबेलापारा तालाब के गहरीकरण कार्य के बीच मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। बारिश के बाद गहरीकरण वाले हिस्सों में भरे पानी ने एक युवक की जान ले ली। शिवनगर निवासी चोसेफ पटेल तीन बच्चों के साथ तालाब में नहाने गया था, लेकिन गहराई का अंदाजा नहीं लग पाने के कारण वह पानी में डूब गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

- अलबेलापारा तालाब बना काल

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद द्वारा अलबेलापारा तालाब का गहरीकरण कराया जा रहा है। सोमवार रात हुई बारिश के कारण मंगलवार 23 जून को कार्य बंद था। गहरीकरण वाले कई हिस्सों में पानी भर जाने से गहराई का अनुमान लगाना मुश्किल हो गया था। इसी दौरान शिवनगर निवासी चोसेफ पटेल मोहल्ले के तीन बच्चों के साथ तालाब में नहाने पहुंचा। नहाते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। देखते ही देखते युवक पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष और पुलिस को अवगत कराया। कोतवाली थाना प्रभारी जितेंद्र साहू पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से युवक को पानी से बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पार्षद उगेश्वरी उइके सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी मौके पर पहुंच गए। अचानक हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## टीबी मुक्त भारत ऐप का करें उपयोगः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में संचालित 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के बीच कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने नागरिकों से टीबी मुक्त भारत मोबाइल ऐप का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा लॉन्च किया गया यह ऐप प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इसके माध्यम से पंजीकृत टीबी मरीजों को नियमित दवा सेवन के लिए रिमाइंडर संदेश मिलेंगे। साथ ही नागरिक निक्षय मित्र एवं वालंटियर के रूप में पंजीकरण कर टीबी मरीजों को पोषण एवं अन्य आवश्यक सहयोग भी प्रदान कर सकते हैं।



# सहकर्मी की हैवानियत का शिकार हुई महिला

**कांकेर।** जिले के पखांजूर थाना क्षेत्र से कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़ा करने वाला एक बेहद ही शर्मनाक मामला सामने आया है। यहाँ एक दुकान में अपनी रोजी-रोटी कमाने के लिए काम कर रही 32 वर्षीय महिला कर्मचारी के साथ उसके ही सहकर्मी द्वारा न केवल गाली-गलौज की गई, बल्कि उस पर जानलेवा तरीके से हाथ, लात और मुक्कों की बरसात कर दी गई। जानकारी के अनुसार थाना पखांजूर में न्याय की गुहार लगाने पहुंची ग्राम पीव्ही 33 उदयपुर निवासी 32 वर्षीय रमा बढ़ई पति गणेश बढ़ई ने पुलिस को बताया कि पखांजूर स्थित एक दुकान में काम करती हैं। सोमवार 22 जून की सुबह करीब 8:30 बजे जब वह रोज की तरह दुकान में मुस्तैदी से अपना काम निपटा रही थीं, तभी उनके मोबाइल पर एक फोन कॉल आया। फोन की घंटी बजते ही दुकान में ही मिस्त्री का काम करने वाला आरोपी मंगल मंडल निवासी ग्राम पीव्ही 74 अचानक भड़क गया। आरोपी ने मर्यादा की सारी ⏭ शेष पेज 10 पर



- लोगों के बीच-बचाव से बची जान

## 42 हजार रुपए का गांजा खाट के नीचे छिपाकर रखा था

# घर में चल रहा था गांजे का कारोबार आमाबेड़ा पुलिस ने आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आमाबेड़ा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम सोड़े में दबिश देकर एक व्यक्ति को गांजा बिक्री करते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 2 किलो 752 ग्राम गांजा, एक जीवित गांजा का पौधा और बिक्री से प्राप्त नगद राशि बरामद की गई है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 42 हजार रुपये आंकी गई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 जून को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सोड़े निवासी 42 वर्षीय टिबलू राम पटेल अपने घर में प्लास्टिक की थैलियों में गांजा रखकर बिक्री कर रहा है। साथ ही उसने घर से लगी बाड़ी में गांजा का पौधा भी लगा रखा है। सूचना की तस्दीक के बाद आमाबेड़ा थाना पुलिस की टीम ग्राम सोड़े पहुंची और आरोपी के घर में दबिश दी।

तलाशी के दौरान कमरे में खाट के नीचे छिपाकर रखे गए दो प्लास्टिक पैकेटों से गांजा बरामद किया गया, वहीं घर के पास बाड़ी में लगभग पांच फीट ऊंचा गांजा का एक जीवित पौधा भी मिला। तौल करने पर दोनों पैकेटों में रखे गांजे का वजन 1.662 किलोग्राम तथा पौधे का वजन 1.090 किलोग्राम पाया गया। आरोपी की तलाशी में गांजा बिक्री से प्राप्त 600 रुपये नगद भी बरामद हुए। पुलिस ने मौके पर ही गांजा, गांजा का पौधा और नगद राशि जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ थाना आमाबेड़ा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(क) (I) एवं 20(ख) (II) (ख) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।



- बाड़ी में उगा रखा था गांजा का पौधा, पौधा को किया जब्त



## खबर संक्षेप

### पंजाब की एकल अभिभावक अश्वती अजिथा ने लिया मायरा को गोद



**कांकेर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी कांकेर से लगभग 4 माह की नवजात शिशु मायरा को अमृतसर पंजाब निवासी एकल अभिभावक अश्वती अजिथा द्वारा गोद लिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने शिशु मायरा को एकल अभिभावक को सौपते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि अश्वती अजिथा का पंजीयन केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण में 12 जुलाई 2022 को हुआ था। उन्हें 08 मई 2026 को बच्चे का रेफ्रल गया व 09 मई को बच्चे को उनके लिए रिजर्व किया गया तथा 18 मई को बालिका से मुलाकात कराई गई। उसके तुरंत बाद उनके द्वारा बच्चे को स्वीकार करते हुए दत्तक ग्रहण संबंधी कानूनी प्रक्रिया का पालन किया गया। केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के नियमानुसार आज कोर्ट ऑडर के लिए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन सहित संस्था के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### मेधावी बच्चों को दिया जाएगा 6 वीं में प्रवेश

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों के लिए संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। इच्छुक एवं पात्र हितग्राही आगामी 3 जुलाई तक श्रम विभाग के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

### पीएटी-पीवीपीटी प्रवेश परीक्षाआयोजित होगी 28 जून को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 28 जून को पीएटी-पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक होगी। जिले में कुल चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 804 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी को नियुक्त किया है। जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं और अभ्यर्थियों को समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने तथा प्रवेश पत्र व पहचान पत्र साथ लाने की सलाह दी है।

### बस्तर के 1000 से अधिक किसानों की किस्त अटकी

**जगदलपुर।** कांग्रेस आईटी सेल प्रदेश महासचिव योगेश पानीग्राही ने जारी बयान में बस्तर के हजारों किसानों को पीएम किसान योजना का लाभ नहीं मिलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बारंबार कृषि विभाग बायोमेट्रिक सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए किसानों को परेशान कर रहा है। 20 जून को प्रधानमंत्री ने राशि जारी किया। बस्तर में पीएम किसान योजना में 13 हजार 5 सौ 14 किसान पंजीकृत हैं। तकनीकी खामियों का हवाला देते हुए लगभग एक हजार से ज्यादा किसानों का एक वर्षों से भुगतान रोक दिया गया है। जबकि एक वर्ष पूर्व ही कृषि विभाग के मैदानी कर्मचारियों ने घर-घर जाकर या विभिन्न माध्यमों से पंजीकरण कराया।

# सीडड्रिल मशीन से खेत में धान की सीधी बुवाई का किया गया प्रदर्शन

## खेत बचाओ अभियान में कम लागत व कम पानी में बताई खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खेत बचाओ अभियान के तहत कृषि में नई तकनीकों और मशीनीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखंड नरहरपुर के ग्राम बाबूसाल्हेटोला में सीडड्रिल मशीन द्वारा धान की सीधी बुवाई का प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्तमान सूखे और जल संकट की स्थिति को देखते हुए किसानों को कम लागत और कम पानी में खेती की उन्नत तकनीकों से परिचित कराना था।

■ किसानों को आधुनिक तकनीक की दी जानकारी



### एक घंटे में सवा एकड़ में हो जाएगी बुवाई

डॉ. तायड़े ने कहा कि श्रमिकों की कमी और जल संकट की स्थिति में यह तकनीक किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है, हालांकि इसमें खरपतवार नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। प्रदर्शन कार्यक्रम में ग्राम बाबूसाल्हेटोला के सरपंच, संबंधित संस्थाओं के अधिकारी तथा लगभग 35 किसान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक कृषि अभियांत्रिकी डॉ. नरेंद्र हरिदास तायड़े ने किसानों को बताया कि इस विधि में नर्सरी तैयार करने और पौध रोपाई की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि बीजों की सीधे खेत में बुवाई की जाती है। इससे श्रम और पानी दोनों की बचत होती है तथा कम समय में बुवाई का कार्य पूरा किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सीडड्रिल मशीन की सहायता से एक घंटे में लगभग एक से सवा एक एकड़ क्षेत्र में बुवाई की जा सकती है।

## हस्तसेप : जिपं सीईओ के आश्वासन के बाद आंदोलन खत्म

# जनपद सीईओ को हटाने की मांग को लेकर चल रही तालाबंदी हुई समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सीईओ की कार्यशैली को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा पिछले दो दिनों से चलाया जा रहा धरना-प्रदर्शन एवं तालाबंदी आखिरकार विधायक के हस्तक्षेप और प्रयासों से समाप्त हो गया। जनप्रतिनिधि सीईओ को दुर्गुकोंदल से हटाने की मांग को लेकर जनपद पंचायत कार्यालय के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे थे। जिपं सीईओ के आश्वासन के बाद जनपद पंचायत कार्यालय में पुनः सामान्य प्रशासनिक कार्य प्रारंभ हो गया है।

आंदोलन की जानकारी मिलने पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी धरना स्थल पहुंचीं और आंदोलनरत जनप्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्यों तथा सरपंचों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनप्रतिनिधियों ने विधायक के समक्ष सीईओ की कार्यशैली को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।



### एक सप्ताह में शिकायतों व समस्याओं का निराकरण: सीईओ

चर्चा के दौरान जिला पंचायत कांकेर के सीईओ ने आश्वासन दिया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई शिकायतों एवं समस्याओं की गंभीरता से समीक्षा कर उनका निराकरण एक सप्ताह के भीतर किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ के इस आश्वासन की जानकारी विधायक ने धरना स्थल पर मौजूद जनप्रतिनिधियों को दी और जनहित तथा विकास कार्यों को प्रभावित होने से बचाने के लिए आंदोलन समाप्त करने का अव्हान किया। विधायक की सकारात्मक पहल और प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद आंदोलनरत जनप्रतिनिधि सहमत हो गए और उन्होंने धरना-प्रदर्शन एवं तालाबंदी समाप्त करने की घोषणा कर दी।

जनप्रतिनिधियों की बात सुनने के बाद विधायक ने जिला पंचायत कांकेर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से दूरभाष के माध्यम से चर्चा की और आंदोलन के कारणों तथा जनप्रतिनिधियों की मांगों से अवगत कराया। विधायक ने क्षेत्र के विकास कार्यों तथा जनप्रतिनिधियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की आवश्यकता पर बल दिया।

## भाजपा मंडल ने तालाबंदी के विरोध में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में जारी तालाबंदी आंदोलन के विरोध में भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गुकोंदल द्वारा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो, मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो एवं शकुंतला नरेटी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में जनपद पंचायत कार्यालय में तालाबंदी से आम नागरिकों को हो रही परेशानियों और शासकीय कार्य प्रभावित होने का उल्लेख किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुशासन तिहार एवं समाधान शिविर संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है। ऐसे समय में जनपद पंचायत कार्यालय में तालाबंदी होने से प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आम नागरिकों को आवश्यक सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा पदाधिकारियों ने ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया है कि जनपद पंचायत कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा सार्वजनिक मंच पर अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया, जो शासकीय गरिमा और प्रशासनिक व्यवस्था के विपरीत है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी मांगों को रखने और विरोध दर्ज कराने का अधिकार सभी को है, लेकिन शासकीय कार्यालयों में ताला लगाकर कार्यों को बाधित करना तथा आमजनों को कार्यालय आने-जाने से रोकना उचित नहीं माना जा सकता।भाजपा नेताओं ने प्रशासन से मांग की है कि जनपद पंचायत कार्यालय में लगाए गए ताले को तत्काल हटाया जाए, शासकीय कार्यों को सुचारू रूप से संचालित कराया जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर कांकेर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कांकेर, पुलिस अधीक्षक कांकेर एवं एसडीएम भानुप्रतापपुर को भी भेजी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से अशोक जैन, सिरों कोमरे, रामकिशोर सिन्हा, राहुल जामुलकर, सतीश जैन, मनोज दुग्गा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

पेज 09 के शेष...

### नक्सलियों के छिपे ...

उनके नेतृत्व में संयुक्त टीम ने निर्धारित क्षेत्र में सघन सर्चिंग करते हुए उक्त सफलता प्राप्त की। जिला पुलिस, बीएसएफ एवं बीडीएस की संयुक्त टीम द्वारा संवेदनशील एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता के साथ सघन सर्चिंग अभियान लगातार जारी है। समर्पित नक्सलियों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर जंगल क्षेत्रों में छिपाकर रखे गए नक्सली डम्पों की लगातार पतासाजी की जा रही है।

### रावघाट में लौह ...

मामले की सबसे चौंकाने वाली बात है कि क्षेत्र में पदस्थ फॉरेस्ट गार्ड से लेकर डिप्टी रेंजर, रेंजर और एसडीओ स्तर तक के अधिकारियों के पास इस बात की स्पष्ट जानकारी नहीं है कि यह सड़क आखिर कब बनी और पेड़ों की कटाई किसके द्वारा की गई। कटे हुए पेड़ों की लकड़ी कहां गई, इसका भी फिलहाल कोई स्पष्ट जवाब विभागीय अमले के पास नहीं है। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि यदि सड़क निर्माण बीएसपी के किसी ठेकेदार के माध्यम से कराया गया है, तो काटे गए पेड़ों के लट्ठों का हिसाब-किताब और उनकी वर्तमान स्थिति भी जांच का महत्वपूर्ण विषय बनेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि घने जंगलों के बीच इतनी बड़ी गतिविधि का वन विभाग को समय पर पता नहीं चलना कई सवालों को जन्म देता है।

### सहकर्मी की हैवानियत ...

हदें पार करते हुए पीड़िता के चरित्र पर कीचड़ उछालना शुरू कर दिया। उसने तंज कसते हुए कहा, दूसरा आशिक ढूंढ लिया है, जब महिला ने इस घिनौने लांछन और अभद्र व्यवहार का कड़ा विरोध किया, तो आरोपी आव देखा न ताव, गंदी-गंदी गालियां बकने लगा। विरोध करने पर आरोपी इस कदर हिंसक हो उठा कि उसने महिला की अस्मिता और कानून का खौफ ताक पर रख दिया। उसने पीड़िता पर ताबड़तोड़ हमला करते हुए हाथ, लात और मुक्कों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। दुकान के भीतर मचे इस बवाल और महिला की चीखें सुनकर आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह आरोपी के चंगुल से महिला को छुड़ाया। इस अमानवीय मारपीट के कारण पीड़िता की दाहिनी भुजा (हाथ) और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं, जिससे वह सदमे में है। अपराध पंजीबद्ध : घटना के बाद सहमी हुई पीड़िता ने सीधे पखांजूर थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी मंगल मंडल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2) और धारा 296 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## पालक बच्चों को नियमित और समय पर भेजें स्कूल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए विद्यालय संचालन की समय-सारणी जारी कर दी गई है।

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक जैन एवं विद्यालय के प्राचार्य अशोक जैन ने संयुक्त रूप से सभी पालकों को विद्यालय के निर्धारित समय की जानकारी देते हुए अपने बच्चों को नियमित रूप से समयानुसार विद्यालय भेजने की बात कही। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार कक्षा पहली से बारहवीं तक का नियमित संचालन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक किया जाएगा। वहीं शनिवार के दिन कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष समय निर्धारित किया गया है। इन कक्षाओं का संचालन साढ़े 7 बजे से साढ़े 11 बजे तक होगा। जबकि कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए शनिवार को भी नियमित समयानुसार सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक कक्षाएं संचालित की जाएंगी। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने कहा कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के लिए नियमित उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शिक्षण पद्धति एवं विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियों का लाभ तभी मिल सकता है जब विद्यार्थी नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहें। उन्होंने पालकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति गंभीरता दिखाते हुए उन्हें प्रतिदिन समय पर विद्यालय भेजें।

### शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास जरूरी: प्राचार्य

प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में अध्ययन-अध्यापन की बेहतर व्यवस्था, अनुशासन एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए समय-सारणी निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। इसके लिए पालकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।

## खाद संकट को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



**कांकेर।** किसानों को रासायनिक खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और कथित कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर ग्रामीण ने मंगलवार को लैम्पस चलो अभियान के तहत पीढ़ापाल लैम्पस में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपकर यूरिया, डीएपी सहित अन्य उर्वरकों की उपलब्धता तत्काल सुनिश्चित करने की मांग की गई।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान किसान खाद के लिए भटक रहे हैं और घंटों कतार में खड़े रहने के बावजूद खाली हाथ लौट रहे हैं।सरकार किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है और खाद की कमी से उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है।

सोसाइटियों में खाद का अभाव है, जबकि निजी दुकानों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है, जिससे कालाबाजारी की आशंका बढ़ रही है। उन्होंने प्रशासन से इसकी जांच कराने की मांग की। प्रदर्शन को बीरेश ठाकुर, लोमेन्द्र यादव, नितिन पोटाई और नरोत्तम पड़ोटी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पति-पत्नी ने रक्तदान कर बचा ली मरीज की जिंदगी

**बासनवाही।** मानवता और सेवा भावना का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते हुए ग्राम मुसुरपुट्टा निवासी नारद साहू एवं उनकी पत्नी खिलेश्वरी साहू ने एक साथ रक्तदान कर एक जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दोनों ने कोमलदेव जिला अस्पताल में भर्ती पखांजूर निवासी लकवा ग्रस्त मरीज के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराकर मानव सेवा की मिसाल पेश की। जानकारी के अनुसार मरीज की पत्नी अपने पति के इलाज के लिए आवश्यक रक्त की व्यवस्था करने के लिए काफी परेशान थी और विभिन्न लोगों से सहायता की गुहार लगा रही थी। इसी दौरान निजी कार्य से अस्पताल पहुंचे नारद साहू और खिलेश्वरी साहू की नजर उसकी परेशानी पर पड़ी। मरीज और उसके परिजन उनसे पूरी तरह अपरिचित थे, लेकिन मानवीय संवेदना को सर्वोपरि मानते हुए दोनों ने तत्काल रक्तदान करने का निर्णय लिया। दोनों का रक्त समूह ओ पॉजिटिव होने के कारण मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध हो सका। साहू दंपति के इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद भारती, राजेश कलिहारी, भुवन भारती, अशोक साहू, राधेलाल साहू, रेखराम साहू, सोहन साहू एवं अनेश साहू ने इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। वहीं परिक्षेत्रीय साहू समाज मावलीपारा के उपाध्यक्ष रोमलाल साहू ने कहा कि रक्तदान महादान है और साहू दंपति का यह संयुक्त प्रयास सेवा, संवेदनशीलता और मानवता की उत्कृष्ट मिसाल है।



## 90 प्रतिशत दिव्यांग युवक को दिलाया पुनर्वास केंद्र में नया जीवन

# मां का साया छूटा, पिता बेपरवाह, सरोना पुलिस ने थामा दिव्यांग युवक का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पुलिस की पहचान केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंदों की मदद और समाज में संवेदनशीलता का संदेश देना भी उसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसका उदाहरण सरोना थाना पुलिस ने पेश किया है। मानवता और जनसेवा की मिसाल कायम करते हुए पुलिस टीम ने 90 प्रतिशत शारीरिक एवं मानसिक रूप से दिव्यांग युवक को बेहतर देखभाल और उपचार के लिए बिलासपुर स्थित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया है।

■ अपराध नियंत्रण के साथ जनसेवा में भी आगे सरोना पुलिस





सरोना थाना क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में मानसिक रोगियों और विशेष जरूरत वाले लोगों के प्रति जागरूकता की कमी के कारण कई मरीज समय पर उपचार से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में सरोना थाना की टीम लगातार जनजागरुकता अभियान चलाकर लोगों को मानसिक स्वास्थ्य और उपचार के प्रति जागरूक कर रही है। पुलिसकर्मी स्वयं गांव-गांव पहुंचकर परिजनों से संवाद कर जरूरतमंदों को इलाज और पुनर्वास से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इसी अभियान के दौरान ग्राम सरोना निवासी 31 वर्षीय चंद्रशेखर विश्वकर्मा की स्थिति पुलिस के संज्ञान में आई। चंद्रशेखर शारीरिक एवं मानसिक रूप से लगभग 90 प्रतिशत दिव्यांग है। उसकी मां का निधन हो चुका है, जबकि पिता शराब की लत और घुमक्कड़ प्रवृत्ति के कारण उसकी देखभाल नहीं कर पा रहे हैं। हालत यह थी कि चंद्रशेखर अपने दैनिक कार्य और भोजन तक स्वयं नहीं कर पाता था। घर में देखभाल करने वाला कोई नहीं होने के कारण वह दिनभर घर के भीतर बंद रहने को मजबूर था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सरोना थाना पुलिस ने मानवीय पहल करते हुए आवश्यक समन्वय स्थापित किया और चंद्रशेखर को बेहतर देखभाल एवं पुनर्वास के लिए दिव्यांग पुनर्वास केंद्र घरौंदा बिलासपुर में भर्ती कराया। पुलिस की इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरोना पुलिस ने यह साबित कर दिया है कि वर्दी केवल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई का प्रतीक नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के लिए उम्मीद और संवेदना का भी दूसरा नाम है।

## ग्रामसभाओं में होगा आवास प्लस सर्वे सूची का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर।



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वे सूची का अंतिम सत्यापन 24 जून को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में किया जाएगा। दो स्तरों पर सत्यापन के बाद कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई आधारित वर्गीकरण के माध्यम से तैयार सूची को ग्राम सभा के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। सूची में शामिल प्रत्येक परिवार द्वारा दी गई जानकारी के सभी बिंदुओं पर ग्राम सभा में चर्चा कर उपस्थित सदस्य उसका सत्यापन करेंगे। सत्यापित सूची को पोर्टल के माध्यम से स्थायी प्रतीक्षा सूची के लिए अपलोड किया जाएगा। योजना के तहत पहली बार आवास पाने वाले परिवार, दिव्यांग सदस्य वाले परिवार, महिला मुखिया या विधवा परिवार, आश्रयविहीन, विशेष पिछड़ी जनजाति समूह, गंभीर बीमारी से पीड़ित सदस्य वाले परिवार तथा कम आय वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं पक्के मकान, दो से अधिक कमरों वाले घर, तीन या चार पहिया वाहन, सरकारी नौकरी, पंजीकृत गैर-कृषि व्यवसाय, आयकरदाता, 15 हजार रुपए से अधिक मासिक आय वाले तथा निर्धारित सीमा से अधिक कृषि भूमि रखने वाले परिवार निष्कासन मापदंड के दायरे में आएंगे। ग्राम सभाओं में इन सभी बिंदुओं के आधार पर पात्र एवं अपात्र परिवारों का निर्धारण किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### विद्यार्थियों ने नियमित योग करने का लिया संकल्प



**जगदलपुर।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन आयुष मंत्रालय के निर्धारित सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रातः 6:30 से 8 बजे तक किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ योग के महत्व एवं इसके शारीरिक, मानसिक तथा भावनात्मक लाभों पर प्रकाश डालते हुए किया गया। इसके उपरान्त उपस्थित प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के योग शिक्षक योगाभ्यास ग्रीवा संचालन, स्कंध, कटी, घुटना, ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भाद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उतानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजन्गासन, उत्तानपादासन के अभ्यास कराये गए।

### नर्सिंग महाविद्यालय में हुआ योगाभ्यास



जगदलपुर। योग साधना प्राचीन परम्परा है। नर्सिंग महाविद्यालय का प्रयास रहा है कि योग अध्यात्मक और साधना के प्रमुख तत्व युवाओं तक पहुंचे। शिवम योग समिति के योग गुरु सुनीता उमावस्य एवं सुनीता शर्मा ने गायत्री मंत्र के साथ प्रारंभ किया। शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में योगा दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। प्राचार्या तृप्ति सोनी ने कहा कि योगा की सहायता से व्यक्ति चित्त वृत्तियों को संयमित कर पाता है।

### विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की देखभाल संवेदनशीलता और समर्पण के साथ हो : देव

**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने आज वृंदावन कॉलोनी स्थित बाल गृह का निरीक्षण कर वहां देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की देखभाल, सुरक्षा तथा उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की स्थिति, पोषण व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं, शैक्षणिक गतिविधियों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विधायक ने बच्चों से आत्मीय संवाद स्थापित किया और उनकी आवश्यकताओं को समझते हुए अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की देखभाल अत्यंत संवेदनशीलता और समर्पण के साथ किया जाना चाहिए।

## कलेक्टर के निर्देश पर आवासीय विद्यालय होंगे बायोमेट्रिक युक्त

# बच्चों के निवालों से अब नहीं होगा खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

शैक्षणिक सत्र 2026-27 को लेकर शिक्षा विभाग ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। पिछले दिनों कलेक्टर अमित कुमार ने प्राचार्य, अधीक्षकों की बैठक मे चेतावनी देते हुए परिणाम सुधारने के निर्देश दिऐ। वही नीजि स्कुलों के परीक्षा परिणाम को लेकर भी कड़ी चेतावनी दी गई।

■ नीजि स्कूलों को चेतावनी, परिणाम सुधारों नहीं तो मान्यता होगी रद्द



सुकमा जिले में परीक्षा परिणामों व व्यवस्था को लेकर कलेक्टर सुकमा के निर्देश पर जिला शिक्षाधिकारी द्वारा कार्रवाईयों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पिछले दिनों संपन्न बैठक में कहा गया कि आश्रम एवं छात्रावासों में सभी बच्चों की उपस्थिति 100 प्रतिशत होना चाहिए। जिला प्रशासन द्वारा सभी आश्रम, छात्रावासों में आगामी सत्र से दिन में दो बार बायोमेट्रिक उपस्थिति हेतु बायोमेट्रिक मशीन दिया जावेगा। सभी अधीक्षक की जिम्मेदारी होगी कि सभी बच्चों की उपस्थिति दिन में दो बार मशीन में हो एवं उसका मानीटरिंग विकासखंड एवं जिला स्तर से किया जावेगा।

आईएमएसटी स्कूल सुकमा के 12वीं एवं सरस्वती शिशु मंदिर सुकमा के 10वीं, 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष कम होने के कारण, कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि अगले वर्ष भी परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में मान्यता समाप्त करने हेतु अनुशंसा की जायेगी। साथ ही स्कूल एवं आश्रम, छात्रावास, पोर्टाकेबिन में बच्चें अगर मोबाईल चलाते पाये जाते हैं, तो उनका मोबाईल जप्त कर पालक को सूचित करें एवं जिला शिक्षा कार्यालय में जमा करना हैं। इस संबंध में प्रथम पालक-शिक्षक बैठक में पालकों एवं बच्चों को जानकारी दी जाये।

### अच्छे परिणाम लाओं ईनाम पाओ

कलेक्टर ने कहा जिन संस्थाओं का परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहा उन संस्थाओं को 2 लाख रूपये की राशि संस्था के लिए आवश्यकतनुसार सामग्री क्रय हेतु दिया जायेगा। अगले वर्ष से माह दिसम्बर के बाद बोर्ड कक्षा (10वीं, 12वीं) के किसी भी छात्र,छात्राओं को खेलकूद, स्काउट एवं किसी भी प्रकार के कार्यक्रमों में बिना उच्च कार्यालय के अनुमति के नहीं भेजेंगें। समस्त प्राचार्य एवं विषय शिक्षक तथा अधीक्षकों से चर्चा उपरांत विद्यार्थियों के हित में कार्य करने हेतु कहा गया। साथ ही निर्देश दिये गये कि आगामी सत्र में सभी विद्यार्थी नियमित स्कूल आवे एवं सभी स्टाफ मिलकर प्रयास करेंगें।

### प्राचार्य तथा शिक्षकों के विरुद्ध होंगे कार्रवाई

आयोजित बैठक में आगामी सत्र में जिस स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत नहीं होगा वहां के प्राचार्य तथा शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनत्मक कार्यवाही की जावेगी। जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति आगामी सत्र में बोर्ड परीक्षा आवेदन करने के पहले 75 प्रतिशत से कम रहेगी उनको नियमित विद्यार्थी के रूप में आवेदन नहीं कराना है तथा उन्हें स्वाध्यायी या ओपन स्कूल के माध्यम से आवेदन करने हेतु प्रथम पालक शिक्षक बैठक में पालकों को एवं विद्यार्थियों को सूचित करेंगे।

## उत्कृष्ट योग प्रदर्शन पर विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



**जगदलपुर।** विश्व योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुंजी में योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में कुम्मर बेनीशिव एवं पूर्णिमा मिश्रा व्याख्याता ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित जनों को योगाभ्यास कराया और विभिन्न योगासनों का महत्व बताते हुए इनके शारीरिक और मानसिक लाभ बताए। प्राचार्य डॉ.पूर्णिमा सरोज ने कहा कि प्रति दिन योगाभ्यास से तन मन स्वस्थ रहता है तथा विद्यार्थियों में पढ़ाई के लिए मन की एकाग्रता का विकास होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। अतः योगाभ्यास को सभी को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस प्रकार विद्यालय में प्रति दिन योगाभ्यास करने एवं स्वस्थ नागरिक बन कर भारत के विकास में अपना योगदान देने के संकल्प के साथ हर्षोल्लास से विश्व योग दिवस मनाया गया। उत्कृष्ट योग प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

■ शासकीय विद्यालय धनपुंजी में योग दिवस मनाया गया

इस अवसर पर गजेंद्र ध्रुवे व्याख्याता, कुसुम हिरवानी, मंजू मंडावी, मालती पोर्ते समस्त स्टाफ, विद्यार्थी एवं अतिथिगण उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाई गई महेश नवमी माहेश्वरी समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दोरनापाल



नगर में माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी का पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भगवान महेश (शिव) की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के तहत नगर में भव्य रैली एवं शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिला, पुरुष एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां श्रद्धालुओं ने जयघोष के साथ पर्व का उत्सव मनाया। इसके पश्चात राम मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। समाजजनों ने विधि-विधान से भगवान की आराधना कर क्षेत्र की खुशहाली और जनकल्याण की प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों के लिए शरबत वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। माहेश्वरी समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि महेश नवमी समाज की एकता, सेवा और संस्कारों का प्रतीक पर्व है। इस अवसर पर समाज के लोगों ने आपसी भाईचारे एवं सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया। महेश नवमी के आयोजन को लेकर पूरे नगर में उत्साह का माहौल रहा और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

■ श्रद्धालुओं लिए शरबत वितरण किया गया, लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया

## शासकीय कन्या विद्यालय परिसर में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किरंदुल



पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किरंदुल चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा सोमवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम किया। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों, सदस्यों तथा विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। परिसर में पीपल, बरगद, आम, जामुन, नीम सहित विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इसके साथ ही परिसर की सुंदरता बढ़ाने के लिए विभिन्न रंग-बिरंगे सजावटी पौधे भी लगाए गए। उपस्थित सभी लोगों ने पौधों के संरक्षण, नियमित देखभाल एवं उन्हें विकसित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते पर्यावरणीय संकट, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। वृक्ष न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि जैव विविधता के संरक्षण, वर्षा संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

■ किरंदुल चेंबर ऑफ कॉमर्स ने चलाया हरियाली अभियान

कार्यक्रम में किरंदुल चेंबर के सचिव राज प्रसाद, उपाध्यक्ष संजय सोनी एवं सुषमा साहू, सह सचिव शेखर दत्ता, कार्यालय सचिव राजेश वैपराल, कोषाध्यक्ष विशाल जैन, सह कोषाध्यक्ष विकास स्वामी, सविता पाल एवं सुरेंद्र कौर सहित सदस्य उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में अतुल सिंह, आजाद सक्सेना, बिप्लव मल्लिक, राजेंद्र सक्सेना, धरमपाल मिश्रा एवं सुजीत पिल्ले ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। सभी अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण के इस सराहनीय अभियान की प्रशंसा करते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की सफलता में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला की प्राचार्य मंगरीटा टोपों एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा। सभी उपस्थितजनों ने एक पेड़, सौ पीढ़ियों का उपहार के संदेश को आत्मसात करते हुए लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए इस वृक्षारोपण कार्यक्रम से विद्यालय परिसर हरियाली की नई सौगात से सराबोर हो उठा तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक सकारात्मक संदेश समाज तक पहुंचा।

## कैडेट्स को आग से बचाव के बताए तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर/भोंड



छत्तीसगढ़ गर्ल्स एनसीसी बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तहत कैडेट्स के व्यावहारिक ज्ञान और आपदा प्रबंधन कौशल को मजबूत करने के लिए अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन पर विशेष व्याख्यान और प्रदर्शन आयोजित किया गया।

बस्तर संभाग के एसडीआरएफ प्रभारी अधिकारी सुशील कुमार साहू ने कैडेट्स को अग्नि सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं, आग लगने पर बरती जाने वाली सावधानियों और आपातकाल में त्वरित प्रतिक्रिया के तरीकों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने दैनिक जीवन में अग्नि सुरक्षा उपायों के महत्व पर जोर देते हुए कैडेट्स को जागरूक और सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान के बाद एसडीआरएफ टीम ने अग्निशमन का व्यावहारिक प्रदर्शन किया।

इसमें अलग-अलग प्रकार की आग को नियंत्रित करने की तकनीकें और अग्निशामक यंत्रों के सही इस्तेमाल को दिखाया गया। साथ ही मेडिकल इवैक्यूएशन की प्रक्रिया भी प्रस्तुत की गई, जिसमें घायलों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने और प्राथमिक उपचार देने की विधियों से कैडेट्स को अवगत कराया गया। यह प्रशिक्षण एनसी के मूल उद्देश्यों अनुशासन, नेतृत्व, सेवा और संकट में समाज की मदद करने की भावना के अनुरूप रहा। महिला कैडेट्स के लिए यह आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और आपदा में नेतृत्व क्षमता विकसित करने की दिशा में अहम रहा।

ऐसे प्रशिक्षण से कैडेट्स न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं, बल्कि जरूरत पड़ने पर परिवार, समुदाय और राष्ट्र की सेवा में भी प्रभावी भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में छत्तीसगढ़ गर्ल्स एनसी बटालियन के स्टाफ और कैडेट्स ने सुशील कुमार साहू और एसडीआरएफ टीम को उनके ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी प्रदर्शन के लिए आभार जताया।

### जगरगुंडा में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया

## सुकमा के सुदूर अंचलों में शिक्षा की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंटा



मुख्यमंत्री के मंशानुरूप और जिला प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन में सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित रहे व सुदूर विकासखंड कोंटा अंतर्गत जगरगुंडा में संकुल स्तरीय 'शाला प्रवेशोत्सव' का अभूतपूर्व व उत्साहजनक आयोजन किया गया।

जगरगुंडा, सिलगेर, मिसिगुड़ा, मिलमपल्ली एवं बंजेपल्ली जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रशासन का यह प्रयास बेहद सराहनीय रहा। कार्यक्रम में पहली बार स्कूल की दहलीज पर कदम रखने वाले नवप्रवेशी नन्हे-मुन्नों का तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीना स्वागत किया गया। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाने वाले मेधावी छात्रों को भी मंच पर सम्मानित किया गया, जो क्षेत्र में बदलते शैक्षणिक परिवेश और प्रशासन की मेहनत का प्रत्यक्ष प्रमाण है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार की योजना के तहत निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, कॉपियां, पेन और गणवेश यूनिफॉर्म का वितरण किया गया। शिक्षा सत्र के पहले ही दिन सारी जरूरी शिक्षण सामग्री हाथों में पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और स्थानीय अभिभावकों में प्रशासन के प्रति भारी उत्साह व विश्वास देखा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू सहित विशिष्ट अतिथियों, स्थानीय जन-प्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने बच्चों को शासन की इन सुविधाओं का लाभ उठाकर मन लगाकर पढ़ने तथा जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

## मनाया गया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बचेली




बचेली मंडल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर बचेली में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने डॉ. मुखर्जी को नम आंखों से याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के देश हित में किए गए ऐतिहासिक कार्यों, उनके संघर्षों और उनकी राष्ट्रभक्ति की जानकारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने उनके अखंड भारत के संकल्प और देश के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को रेखांकित किया।

इस विशेष कार्यक्रम के प्रभारी नरेंद्र सोनी सह प्रभारी बादल कुंडू थे। जिनकी देखरेख में पूरा कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि बचेली मंडल प्रभारी आशीष चौहान नें मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। बलिदान दिवस के इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रमुख कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों जिनमें मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, मंडल अध्यक्ष अम्लेन्दू चक्रवर्ती, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश शर्मा, शिप्रा विश्वास महिला मोर्चा महामंत्री, सूरज जायसवाल कोषाध्यक्ष धनसिंह नाग पार्षद, श्यामलाल सेठिया, ओम प्रकआश जैन, अर्नब चक्रवर्ती, अरुण तांडी,अनुसूया भोपले, लक्ष्मी पानी,पुष्पा सिंह, नरेश, दिव्यो, शिखा अधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के पदचिह्नों पर चलने और देश सेवा के संकल्प को दोहराया।

## अब सिर्फ बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से ही राशन दूकान में मिलेगा खाद्यान्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जिले की सभी ऑनलाइन उचित मूल्य दुकानों में राशन सामग्री का वितरण अब अनिवार्य रूप से ई-पॉस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों के आधार प्रमाणीकरण यानी बायोमेट्रिक द्वारा ही किया जाएगा। भारत सरकार की वन नेशन वन राशनकार्ड योजना के मूल उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आधार प्रमाणीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है, ताकि राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे। इसके लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण को अधिक पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा ने कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में जारी परिपत्र में निर्देशित किया गया है कि कई राशन दुकानों में बायोमेट्रिक के बजाय सीधे मोबाइल ओटीपी के जरिए राशन बांट दिया जाता है, जिससे गड़बड़ी और अनियमितता की आशंका बनी रहती है। इस व्यवस्था पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए ओटीपी के माध्यम से राशन वितरण केवल कुछ बेहद विशेष और सीमित परिस्थितियों में ही मान्य होगा।

## सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ व निरोगी जीवन का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपालपटनम



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परिसर में योग किया गया। खंड शिक्षा कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं निरोगी जीवन का संदेश दिया। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सरिता कुड़ेम रहीं। वहीं तहसीलदार लक्ष्मण राठिया, एसडीओपी घनश्याम कामड़े, थाना प्रभारी जीवन कुमार जांगड़े, खंड शिक्षा अधिकारी कोरम विजय, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी एटला श्रीनिवास, प्राचार्य राजेश नक्का, गोल्लागुडा हाईस्कूल के प्राचार्य बी आर झाड़ी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। शुरूआत योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम से हुई। योग प्रशिक्षक एवं चिकित्सकों ने लोगों को योग के महत्व की जानकारी देते बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा अनेक बीमारियों से बचाव संभव है।

मुख्य अतिथि ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योग करने से व्यक्ति न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनता है। उन्होंने लोगों से प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं को लेकर हुई वार्षिक बैठक



**कांकेर।** शहीद रामकुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद के मार्गदर्शन एवं सहायक संचालक लक्ष्मण कावड़े की अध्यक्षता में शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन को लेकर वार्षिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड, जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन, खिलाड़ियों के परिवहन, आर्थिक संसाधनों की उपलब्धता तथा दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले खिलाड़ियों के रात्रि विश्राम जैसी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने व्यायाम शिक्षकों को विद्यालयों की प्रार्थना सभा में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। जिला क्रीड़ा अधिकारी अनिल दहीवेले ने वर्ष 2026-27 में अधिकाधिक खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों सहित जिले के सातों विकासखंडों के 107 व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे।

### एकलव्य की छठवीं में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 30 से

**कांकेर।** शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं काउंसलिंग 30 जून से 6 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। विद्यालय स्तरीय काउंसलिंग 30 जून एवं 1 जुलाई, जिला स्तरीय काउंसलिंग 2 जुलाई को संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ईमलीपारा तथा राज्य स्तरीय काउंसलिंग 3 जुलाई को होगी। विशेष पिछड़ी जनजाति एवं आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 4 जुलाई को काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाइट एवं संबंधित कार्यालयों में उपलब्ध है।

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत बाजारपारा कोयलीबेड़ा निवासी 53 वर्षीय रामेश्वर कौशल पिता स्व. पीताम्बर ने फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 21 जून को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण



**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीलेश महादेव क्षीरसागर ने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखी गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) एवं वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था तथा रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरुण वर्मा सहित राजनीतिक दल बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि हेमंत पटेल एवं मानसिंह कचलाम उपस्थित रहे।

### एएचबी डिजिटल पब्लिक स्कूल के नए भवन का भूमिपूजन

**दुर्गुकोंदल ।** विकासखंड के ग्राम करामाड़ में एएचबी डिजिटल पब्लिक स्कूल के नवीन भवन निर्माण का भूमिपूजन भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और नए भवन से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण व आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धनेश नरेटी, जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, विधायक प्रतिनिधि हुमन मरकाम, युवक कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष महेंद्र नायक सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी और विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने नए स्कूल भवन को क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।



# शैक्षणिक भ्रमण में कृषि छात्रों ने जानी आधुनिक कृषि और भारतीय संस्कृति

**ऊटी में राजकीय बॉटनिकल गार्डन, चाय एवं चॉकलेट फैक्ट्री भी पहुंचे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ दक्षिण भारत में 12 दिनों तक ली विभिन्न जानकारियां

रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिंगारभाट के बीएससी कृषि के 51 विद्यार्थियों का 12 दिवसीय दक्षिण भारत शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक हुआ। अधिष्ठाता डॉ. एनके रस्तोगी के मार्गदर्शन में 4 से 15 जून तक आयोजित इस भ्रमण में डॉ. जेएल सलाम, डॉ. पीयूष कांत नेताम एवं नेहा कंवर टीम मैनेजर के रूप में शामिल रहे।

भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि अनुसंधान, आधुनिक तकनीकों, जैव-विविधता तथा देश की सांस्कृतिक धरोहरों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। विद्यार्थियों ने हैदराबाद स्थित अंतर्राष्ट्रीय अर्ध शुष्क कटिबंधीय फसल अनुसंधान संस्थान आईसीआरआईसैट, राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान तथा प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण कर उन्नत बीज प्रौद्योगिकी, फसल सुधार एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों की जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा विद्यार्थियों ने हुसैन सागर झील, गोलकुंडा किला, चारमीनार और सालार जंग संग्रहालय का अवलोकन किया। तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर में कीट संग्रहालय, कृषि नैनो टेक्नोलॉजी प्रयोगशाला और विभिन्न शोध विभागों का अध्ययन किया। ऊटी में राजकीय बॉटनिकल गार्डन, चाय एवं चॉकलेट फैक्ट्री तथा टॉय ट्रेन का अनुभव भी प्राप्त किया।




**तारामंडल व पेरियार विज्ञान केंद्र भी गए**

यात्रा के अंतिम चरण में चेन्नई स्थित बीएम बिड़ला तारामंडल एवं पेरियार विज्ञान एवं तकनीकी केंद्र का भ्रमण किया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि इस शैक्षणिक यात्रा से उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों के साथ भारतीय संस्कृति और विरासत को करीब से समझने का अवसर मिला।

**एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेगा, नहीं चलेगा दिया था नारा**

# कमल सदन में भाजपा नेताओं ने याद किए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ कमल सदन अलबेलापारा में भाजपाइयों ने अर्पित किया श्रद्धासुमन

भारतीय जनता पार्टी जिला कांकेर द्वारा 23 जून को भाजपा के सभी 16 मण्डलों के बूथों में जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, लेखक, राजनीतिज्ञ देश के प्रथम उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि, बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलित तथा माल्यार्पण किया गया।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कमल सदन अलबेलापारा कांकेर में भाजपा शहर मंडल द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन की उपस्थिति में मनाई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है, ये गगनभेदी नारा जब भी गूंजता है, हर राष्ट्रभक्त के रोंगटे खड़े हो जाते हैं, भुजाएं फड़कने लगती हैं। लहू में राष्ट्रभक्ति का ज्वार लावा बनकर दौड़ने लगता है। जिन अमर हुतात्मा डॉ. मुखर्जी के नाम पर हम ये नारा लगता हैं, आज उन्हीं की पुण्यतिथि है। कश्मीर को पूरी तरह से भारत का हिस्सा बनाने के लिए, तथा धारा 370 के खिलाफ आज के ही दिन डॉ. मुखर्जी देश की धर्मनिरपेक्ष राजनीति की बलि चढ़ा दिए गए थे। भाजपा जिला प्रवक्ता राजीव लोचन सिंह ने डॉ. मुखर्जी के बारे में बोलते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी इस प्रण पर सदैव अडिग रहे कि जम्मू एवं कश्मीर भारत का एक अविभाज्य अंग है। उन्होंने सिंह गर्जना करते हुए कहा था कि एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेगा, नहीं चलेगा।




**ये रहे उपस्थित**

इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश स्थायी आमंत्रित सदस्य दिलीप जायसवाल, सुमित्रा मारकोले, जिला उपाध्यक्ष अशोक वलेचा, अरविंद जैन, जिला मंत्री संजय सिन्हा, अनिता सोनी, उगेश्वरी उईके, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, दीपक खटवानी, हलधर साहू, विजय मंडावी, गिरधर यादव, जयंत अटभैया, देवेन्द्र भाऊ, नीलू तिवारी, शैलेंद्र शोरी, राकेश शर्मा, मनोज ध्रुव, विजय लखवानी, शंकुतला जैन, योगेश साहू, प्रदीप चन्द्रौल, उत्तम जैन, ईश्वर कावड़े, पीयुष वलेचा, प्रवेश चौहान, ईश्वर नाग, मनीष जैन, राजु नेताम, सलिम मेमन, नीलकंठ चन्द्रोल, धनेश यादव, दीपांशु जैन, राजेश कलिहारी, शंकर यादव, अरविंद जैन, रामप्रसाद गुप्ता, गुंजा सोनी, पुष्पा विश्वकर्मा व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण मनाया बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए संघर्ष करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास ने डॉ. मुखर्जी के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान की व्यवस्था का विरोध करते हुए राष्ट्र की एकता के लिए संघर्ष किया। कार्यक्रम को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजिंदर रंधावा, किसान मोर्चा जिला सह-कोषाध्यक्ष भीखम आरदे, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता टांडिया सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का समापन किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सनी कोरेटी के उद्बोधन एवं आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डड़सेना सहित भाजपा के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे एवं सभी ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।



# जमीन विवाद में जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरर।** थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपियों ने विवादित जमीन पर निर्माण कार्य का विरोध करते हुए एक व्यक्ति और उसकी पत्नी पर डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तीन लकड़ी के डंडे भी बरामद कर लिए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 जून की सुबह कोरर निवासी 50 वर्षीय ओमप्रकाश राजपूत योग करने के लिए मंडी की ओर जा रहे थे। उन्होंने देखा कि उनके भाई राकेश राजपूत अपने पुराने मकान को तोड़कर नया मकान बनाने के लिए जेसीबी मशीन से खुदाई का कार्य करवा रहे थे। निर्माण कार्य के लिए ईंट, रेत और गिट्टी भी गिरवाई गई थी। सुबह करीब 6:30 बजे तदबीर सिंह राजपूत अपने बेटे सुशांत राजपूत और पत्नी अर्चना राजपूत के साथ मौके पर पहुंचे। तीनों के हाथों में लकड़ी के डंडे थे। विवादित जमीन पर निर्माण कार्य को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि तदबीर सिंह, सुशांत और अर्चना ने राकेश राजपूत पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची राकेश राजपूत की पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर थाना कोरर में अपराध क्रमांक 51/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान आरोपियों के खिलाफ धारा 109 बीएनएस का तत्व पाए जाने पर इसे भी प्रकरण में जोड़ा गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार रखेचा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू एवं एसडीओपी मोहसीन खान के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने आरोपियों की तलाश कर पर्याप्त साक्ष्य जुटाने के बाद 23 जून को तदबीर सिंह राजपूत (65 वर्ष), अर्चना राजपूत (55 वर्ष) और सुशांत सिंह राजपूत (34 वर्ष), सभी निवासी कोरर, को गिरफ्तार कर लिया।



**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका**

कार्रवाई में उपनिरीक्षक छत्रपाल साहू, प्रधान आरक्षक लकेश रावटे, आरक्षक विनोद साहू तथा महिला आरक्षक रविना शोरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## माध्यमिक व प्राथमिक शाला नारायणपुर में हर्षोल्लास से मनाया प्रवेशोत्सव

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला नारायणपुर में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें निःशुल्क शाला गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरुण खापर्डे ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा शिक्षा को जीवन में सफलता का आधार बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान जनपद सदस्य वरुण खापर्डे के सहयोग से बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से बच्चों और अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा विद्यालय से जुड़ाव मजबूत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।



**इनकी रही उपस्थिति**

इस दौरान सरपंच भेनू दुग्गा, उपसरपंच मीणा गोस्वामी, बीईओ पोरते, बीआरसी राधेलाल नुरेटी, गंभीर पटेल, ललित पटेल, विनोद पटेल, रेवती कांगे, पंचायत प्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### प्राशा महेंद्रपुर में धूमधाम से मना प्रवेश उत्सव

**दुर्गुकोंदल।** नए शैक्षणिक सत्र के साथ दुर्गुकोंदल ब्लॉक के प्राथमिक शाला महेंद्रपुर में /"शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्कूल परिसर को रंगोली और गुब्बारों से सजाकर नवप्रवेशी बच्चों का तिलक-रोली लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल क्षेत्र के जनपद सदस्य पीलम नरेटी रहे। उन्होंने बच्चों को मिठाई खिलाकर और कॉपी-पेन-किताब भेंट कर पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रधान पाठक सुमित्रा कोठारे ने पालकों से कहा मातृभाषा में शिक्षा लेने से ही अपनी संस्कृति से जुड़ाव होता है। जब बच्चा अपनी बोली-भाषा में पढ़ना-लिखना शुरू करता है तो उसे समझने में आसानी होती है और वो अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है। इस अवसर पर देवाराम कोठारे, रमसू नरेटी, धन्नूलाल जैन, परमेश्वर जैन, कलेष जैन व अन्य उपस्थित रहें।



## स्कूलों में धार्मिक गतिविधियों को अनिवार्य करने के आदेश वापस लेने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, कर्मचारी व युवा संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ के विभिन्न आदिवासी, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, कर्मचारी एवं युवा संगठनों के प्रतिनिधियों ने बुधवार को भानुप्रतापपुर एसडीएम गंगाधर वाहिले को संयुक्त ज्ञापन सौंपकर शासकीय विद्यालयों में धार्मिक गतिविधियों को अनिवार्य किए जाने संबंधी आदेश को निरस्त करने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत प्रार्थना सभा में सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र, गायत्री मंत्र और शांति पाठ जैसी गतिविधियों को शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। संगठनों का कहना है कि यह व्यवस्था आदिवासी समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता के अनुरूप नहीं है तथा संविधान में प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता और समानता के अधिकारों की भावना के विपरीत है। ज्ञापनकर्ताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक राज्य है, जहां विभिन्न समुदाय अपनी अलग-अलग परंपराओं और मान्यताओं के साथ निवास करते हैं। ऐसे में किसी एक धार्मिक परंपरा से जुड़े मंत्रों एवं प्रार्थनाओं को शासकीय विद्यालयों में अनिवार्य करना उचित नहीं माना जा सकता। संगठनों ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री और संस्कृति मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन के माध्यम से उक्त आदेश को तत्काल वापस लेने तथा सभी समुदायों की धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्वतंत्रता का सम्मान सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनाराम तेता, बलिराम कोरचे, राजकुमार तेता, तेजबत्ती शोरी, समरेश शोरी, सियाराम, जीवनलाल पोटाई सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

**किराया लूट और नाइट चार्ज पर रोक लगाने की मांग**

# बस संचालकों की मनमानी के खिलाफ गरजा अभाविप, कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ परिवहन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जिले में निजी बस संचालकों की कथित मनमानी, अवैध वसूली और ओवरलोडिंग के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मोर्चा खोल दिया है। यात्रियों और विद्यार्थियों के आर्थिक शोषण तथा असुविधाओं को लेकर परिषद ने परिवहन विभाग को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की है। संगठन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आम जनता के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

अभाविप के विभाग संयोजक आदित्य मिश्रा ने बताया कि कांकेर से रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर मार्गों पर संचालित निजी बसों में यात्रियों को लगातार मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों का हवाला देकर बस संचालकों द्वारा मनमाने ढंग से किराया वसूला जा रहा है। कई बार यात्रियों को टिकट तक नहीं दिया जाता, जिससे किराए में की जा रही अनियमितताओं को छिपाया जा सके। इसके अलावा रात में यात्रा करने वाले यात्रियों से नाइट चार्ज के नाम पर अतिरिक्त राशि वसूलकर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। जिला संयोजक ऋषिक तिवारी ने आरोप लगाया कि निजी बसों में क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाया जा रहा है। पूरा किराया देने के बावजूद कई यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ता है। विरोध करने पर बस स्टाफ द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाकर खुलेआम आर्थिक शोषण किया जा रहा है, जिसे अभाविप किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी।



**अभाविप ने रखी छह मांगें**

अभाविप ने जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग के समक्ष छह प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें सभी मार्गों के लिए निर्धारित किराया तय कर प्रत्येक यात्री को टिकट देना अनिवार्य करना, बसों और बस स्टैंडों पर किराया सूची प्रदर्शित करना, मनमाने ढंग से बढ़ाए गए किराए को वापस लेना, नाइट चार्ज की अवैध वसूली पर रोक लगाना, बसों में ओवरलोडिंग समाप्त कर यात्रियों के साथ शालीन व्यवहार सुनिश्चित करना तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए आरटीओ की ओर से आधिकारिक यात्री सहायता हेल्पलाइन नंबर जारी करना शामिल है।

**ज्ञापन सौंपने में ये रहे शामिल**

ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर सह मंत्री हर्ष सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमकृष्ण जैन, जिला संगठन मंत्री भूतिभूषण कौशिक, पीजी कॉलेज अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह चौहान सहित अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज